# युग करवट

Page No. 05 Date: 14 SEP 2018


# मीका सिंह के गानों पर झूमे छात्र






मुरादनगर। आईटीएस डेन्टल कॉलेज में आयोजित प्रसिद्ध गायक मीका सिंह के लाइव प्रदर्शन कार्यक्रम में उनके गीतों पर छात्रों ने जमकर धमाल मचाया। छात्र-छात्राएं मीका सिंह के गानों पर थिरकते नजर आए। मीका सिंह के लाइव प्रदर्शन का छात्रों तथा अध्यापकों ने पूरा लुत्फ उठाया छात्रों के साथ अध्यापक भी मीका सिंह के गानों पर झूमे। कार्यक्रम में डीएम रितु माहेश्वरी ने भी परिवार सहित भाग लिया और मीका सिंह के गानों को सुना। अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में शामिल रहे।

निवाण टाइम्स

Page No. 07 Date 14 SEP 2018

# आईटीएस कॉलेज में दो दिवसीय नेशनल स्टूडेंट्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन

निवाण टाइम्स संवाददाता

• गायक मिका सिंह ने छात्र छात्राओं को झूमने पर किया मजबूर

**मुरादनगर।** दिल्ली मेरठ हाईवे पर स्थित आईटीएस डैन्टल कॉलेज में दो दिवसीय आईडीऐ नेशनल स्टूडेन्टस डेन्टल कॉनफ्रेस 2018 का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्व गायक मिका सिंह ने लाइव प्रदर्शन का छात्र-छात्राओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। छात्र-छात्राओं ने भी जमकर लुफ्त उठाया तथा सभी विभिन्न हिस्सों से आये छात्र झूम-झूम कर नाचे।

आईटीएस डेन्टल कॉलेज (आईटीएस- दी एजुकेशन ग्रुप) द्वारा इंडियन डेन्टल एसोसिएशन के सहयोग से दो दिवसीय 13-14 सितम्बर 2018 आईडीऐ नेशनल स्टूडेन्टस डेन्टल कॉनफ्रेस का आयोजन किया जा रहा है।

कान्फ्रेन्स का आयोजन आईटीएस द एजुकेशन के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा तथा वाइस चैयरमेन अर्पित चड्ढा के सहयोग से किया गया। इस दौरान आईटीएस द एजुकेशन के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा ने कहा कि उनका उद्देश्य छात्रों को शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक विकास पर ध्यान देते हुए समाज के सभी वर्गों के लिये कल्याणकारी काम करना है। उनके निरन्तर प्रयासों तथा समर्थन के कारण आईटीएस डेन्टल कॉलिज को पुनः आईडीए नेशनल स्टूडेन्टस डेन्टल कॉनफ्रेस 2018 का आयोजन करने का मौका मिला है। इस क्रान्फ्रेस में देश के विभिन्न क्षेत्रो के लगभग 47 दन्त कॉलेजों के लगभग 3500 छात्रों ने भाग लिया।

सभी छात्रों ने साईन्टिफकक पेपर, पोस्टर प्रजेन्टेशन, खेलों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने कहा कि छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने के लिये विभिन्न सदस्यों के द्वारा विभिन्न विषयों जैसे डेन्टल प्रेक्टिस मैनेजमेंट, नई क्लीनिकल तकनीक रिसर्च आदि पर लेक्चर दिये गये। क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, शतरज, टेबल टेनिस, खो-खो इत्यादि जैसी विभिन्न खेल आयोजनों का आयोजन भी किया गया जहां अनेकों छात्रों ने भाग लिया तथा अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

Amar Ujala

Page No.. 07 (GZB.) Date. 15 SEP 2018

# मीका सिंह के गानों पर थिरके स्टूडेंट्स

## आईटीएस डेंटल कॉलेज में कार्यक्रम में बॉलीवुड सिंगर ने मचाया धमाल

अमर उजाला ब्यूरो

मुरादनगर। लांग ड्राइव पे चल, चार सौ चालीस वोल्ट करंट, मस्त कलंदर आदि एक से बढ़कर एक अपने फेमस गीतों पर बॉलीवुड, पंजाबी, पॉप सिंगर व रैपर मीका सिंह ने धूम मचाई। मीका सिंह के गानों पर स्टूडेंट्स जमकर थिरके। राष्ट्रगान गाकर मीका सिंह ने अपनी परफॉरमेंस का समापन किया।

आईटीएस डेंटल कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय नेशनल स्टडेंट्स डेंटल कांफ्रेंस का शुक्रवार को समापन हुआ। जिसमें देशभर से 42 डेंटल कॉलेज के साढ़े तीन हजार छात्र-छात्राएं और दंत चिकित्सक पहुंचे। कांफ्रेंस में आईटीएस दी एजूकेशन ग्रुप के चेयरमैन डा.आरपी चढ्डा एवं वाइस चेयरमैन अर्पित चढ्डा ने स्टूडेंट्स का मार्गदर्शन किया।




आईटीएस डेंटल कालेज में समारोह में गाना गाते मीका सिंह ।

कांफ्रेंस में डीएम रितु माहेश्वरी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। आईडीए नेशनल स्टूडेंट्स डेंटल कांफ्रेंस में साइंटिफिक पेपर, पोस्टर प्रजेंटेशन, सांस्कृतिक एवं खेलों का आयोजन किया गया। दंत चिकित्सकों ने 400 से अधिक पेपर और पोस्टर प्रस्तुत किए। टग ऑफ वार, बास्केटल बाल, क्रिकेट, बैडमिंटन, नुक्कड़ नाटक, फेस पेंटिंग, टैटू मेकिंग आदि में स्टूडेंट्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्टूडेंट्स ने फैशन शो और ग्रुप डांस किया। पंजाबी पॉप सिंगर मीका सिंह के गानों में छात्र-छात्राओं ने जमकर धमाल मचाया।

Dainik Jagran

Page.No. IV (GZB.) Date. 15 SEP 2018

# मिका के गानों पर झूमे

**मुरादनगर** : दिल्ली मेरठ हाईवे स्थित आई.टी.एस डेंटल कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय नेशनल स्टूडेंटस डेंटल कॉन्फ्रेंस में बृहस्पतिवार रात बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक मिका सिंह ने अपनी गायकी से वहां मौजूद छात्र-छात्राओं को थिरके पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में देश भर के 42 डेंटल कालेज से आये करीब 3500 छात्र-छात्राएं एवं दन्त चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। (जासं)

HINDUSTAN (HINDI)
Page No. 24 Date: 15 Sep 2018

# मीका सिंह के गानों पर झूमे

मुरादनगर। नेशनल हाईवे स्थित आईटीएस डेन्टल कॉलेज में गुरुवार रात को बालीवुड के प्रसिद्ध गायक मीका सिंह ने 40 वोल्ट व मस्त कलन्दर के गानों पर छात्र-छात्राओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर जिलाधिकारी रीतु माहेश्वरी व अन्य लोग भी मौजूद रहे।

आईटीएस डेन्टल कॉलेज परिसर में आयोजित आईडीए नेशनल स्टूडेंट्स कान्फ्रेस 2018 अवार्ड समारोह का गुरुवार शाम को समापन हो गया। रात को दस बजे के आसपास बालीवुड के प्रसिद्ध गायक व पॉप सिंगर मीका सिंह स्टेज पर पहुंचे। रात दस से बारह बजे तक मिका ने एक से एक अपने गाने गाकर छात्र-छात्राओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। मीका सिंह द्वारा गाए गए मस्त कलन्दर व 40 वोल्ट के गानों को छात्रों ने काफी पंसद किए। इस मौके पर स्टेज के आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। थाना प्रभारी लक्षेन्द्र सिंह ने बताया कि एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। (सं.)

Nav Bharat Times (Hindi)

Page.No. 05 (GZB.)

Date. 15 SEP 2018

# आईटीएस कॉलेज में मीका सिंह के गानों पर थिरके स्टूडेंट्स

■ एनबीटी न्यूज, मुरादनगर : आईटीएस डेंट्ल कॉलेज में आयोजित डेंट्ल कांफ्रेंस में गायक मीका सिंह के गानों पर छात्र-छात्राएं देर शाम तक झूमते रहे। मीका सिंह को देखने के लिए छात्र-छात्राओं में होड़ लगी रही। उनके लॉन्ग ड्राइव पे चल... समेत कई गानों पर हर कोई झूम उठा। उन्होंने नाइट का समापन राष्ट्रगान से किया। इस दौरान डीएम रितु माहेश्वरी, आईटीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा, वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा आदि लोग मौजूद रहे।




आईटीएस में प्रस्तुति देते मीका सिंह

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

# परमार्थ संदेश

Page No. 03

Date: 10 Sep -16 Sep 2018

## आईटीएस में प्रसिद्ध गायक मिका सिंह ने गानों से मचाई धूम

मुरादनगर। आई.टी.एस डैन्टल कालिज द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल स्टूडेन्टस डेन्टल कान्फ्रेंस में बालीवुड के प्रसिद्ध गायक मिका सिंह ने अपनी गायकी से धूम मचायी। देशभर के 42 डेंटल कॉलेज से आये 3500 छात्र एवं दन्त चिकित्सक मिका सिंह के प्रसिद्ध गानों जैसे लोंग ड्राईव पे चल, चार सौ चालीस वोल्ट एवं मस्त कलन्दर आदि पर थिरके। इस कान्फ्रेंस के दौरान गाजियाबाद की जिलाधिकारी रितु माहेश्वरी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अपनी प्रस्तुति का समापन मिका सिंह ने राष्ट्रगान के साथ किया। आईडीए नेशनल स्टूडेंट डेंटल कॉन्फ्रेन्स में विभिन्न साइंटिफिक पेपर, पोस्टर प्रेजेन्टेशन, सांस्कृतिक एवं खेलों का



आयोजन किया गया। दूसरे दिन देशभर से अनेकों दंत चिकित्सकों ने 600 से अधिक पेपर तथा पोस्टर - विभिन्न शैक्षिणिक तथा अनुसंधान विषयों पर प्रस्तुत किये। टग ऑफ वार, बास्केट बाल, क्रिकेट, बैडमिंटन, नुक्कड़ नाटक, फेस पेंटिंग, टैटू मेकिंग इत्यादि जैसे खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।